गोपीकृष्ण नेमा
(पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर अध्यक्ष, भाजपा इंदौर)

नि.– 35 जंगमपुरा, साउथ राजमोहल्ला, इंदौर
मो. 9425052333

दिनांक 30 अप्रैल 2021

प्रति,

माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान
मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश

सादर अनुरोध है,

गत दिवस कोरोना महामारी से प्रदेश को बचाने के लिए केंद्र की नीति अनुसार 1 मई से 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का टीकाकरण प्रारंभ होने वाला है इसी को दृष्टिगत रखकर प्रदेश हित में आप ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश में टीकाकरण निशुल्क होगा। आपकी इस घोषणा की सर्वत्र सराहना की जा रही है की मामा जी अपने प्रदेशवासियों को शीघ्र इस बीमारी से बचाना चाहते है।

आपकी उक्त घोषणा के विपरीत 24 अप्रैल को राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने एक पत्र जारी कर समस्त जिलों में यह निर्देश जारी किए की अब कोई उद्योग में समाज में व्यापारिक प्रतिष्ठान में जो टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं उनमें अब निशुल्क टीके प्रदाय नहीं किए जाएंगे जो संस्था टीकाकरण करवाएं वह स्वयं टीका क्रय कर शिविर का आयोजन करें।

आपके इंदौर प्रवास पर हुई चर्चा अनुसार 2 दिन बाद मैंने इंदौर जिलाधीश महोदय के साथ मैंने बहुत से व्यापारी संगठनों की बैठक आयोजित की इसी तरह 25 से ज्यादा समाज के पदाधिकारियों के साथ दूसरी बैठक भी जिलाधीश महोदय के साथ रेसीडेंसी कोठी पर संपन्न करवाई।

इन दोनों बैठकों के फल स्वरूप विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने अपने अपने व्यापारिक क्षेत्र में टीकाकरण शिविर प्रारंभ करवाएं इसी तरह विभिन्न समाजों ने सामाजिक स्तर पर अपनी धर्मशाला में एवं अन्य स्थानों पर समाज जनों के टीकाकरण शिविर प्रारंभ करवाएं

इन दोनों प्रकार के शिविरों से शहर में टीकाकरण के प्रति उत्साह भी बढ़ा और टीकाकरण के प्रति लोगों की रुचि भी बड़ी इनमें से कई शिविर लॉकडाउन के दौरान भी कार्य कर रहे थे पर आज राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर संतोष शुक्ला के पत्र सार्वजनिक होने के बाद लोगों में तरह–तरह की चर्चाएं जन्म लेने लगी

आपकी मुफ्त टीकाकरण की घोषणा और टीकाकरण अधिकारी द्वारा टीके क्रय किए जाने के निर्देश दोनों एक दूसरे के विपरीत है और सार्वजनिक संस्थाएं असमंजस में है की भविष्य में आगामी दिनों में टीकाकरण की नीति प्रदेश में क्या होगी

इस प्रदेश को महामारी से बचाने के लिए आपसे अनुरोध है की अविलंब टीकाकरण अधिकारी के निर्देश को निरस्त कर इस बात की सार्वजनिक घोषणा की जाए की शासन प्रशासन एवं जनहित में कार्य करने वाले समाज संस्था या अन्य कोई जो टीकाकरण में सहयोग देना चाहे उन्हें पूर्ववत टीका फ्री उपलब्ध कराया जाएगा और प्रदेश देश में टीकाकरण में अव्वल आकर करो ना मुक्त प्रदेश की श्रेणी में खड़ा हो जाएगा।

यही अनुरोध यही निवेदन आपसे है।

सदैव सा आपका

गोपीकृष्ण नेमा
पूर्व विधायक